## गंदगी व मलबा फैलाने पर लगाया जुर्माना

रतलाम ● नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे है ऐसे व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सत निगरानी रखी जा रही है इस हेतु पुलिस कन्ट्रोल रूम पर 3 पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। गंदगी व मलबा फैलाने पर होटल शिवजी स्टेशन रोड पर 1000, श्रीराम खण्डेलवाल, खण्डेलवाल नमकीन, बजरंग टी स्टॉल, उत्तम कुमार, गोवर्धन दास, बालाजी रेस्टोरेंट, गुरुनानक किराना, बिसमिल्लाह होटल स्टेशन रोड, रिद्धी-सिद्धी रेस्टोरेंट आदि पर जुर्माना लगाया।

2-1-2021

(15)

# बिल्डिंग परमिशन के बढ़े हुए चार्ज पर रोक

## कलेक्टर और निगम प्रशासन गोपालचंद्र डाड ने जारी किए आदेश, अब पुराने शुल्क पर मिलेगी अनुज्ञा

**भास्कर संवाददाता** | रतलाम

2-1-2021

नगर निगम द्वारा गत एक दिसंबर से बढ़ाए गए बिल्डिंग परमिशन (भवन अनुज्ञा) चार्ज पर कलेक्टर और निगम प्रशासक गोपालचंद्र डाड ने रोक लगा दी है। शनिवार से पूर्व निर्धारित शुल्क के अनुसार निर्माण अनुमति मिलना शुरू हो जाएगी। नागरिकों से मिले फीडबैक के बाद विधायक चेतन्य काश्यप बिल्डिंग परमिशन शुल्क कम करने को लेकर कलेक्टर से बात की थी। 17 दिसंबर को पत्र भी भेजा था। शहरवासियों की सुविधा को देखते हुए कलेक्टर ने बढ़े हुए भवन अनुज्ञा शुल्क को स्थगित कर दिया है। इससे पहले करीब 30 साल पहले 1991-92 में निगम परिषद ने मलबा टैक्स और भूमि उपयोग शुल्क को बढ़ाते हुए नए भवन निर्माण अनुमति शुल्क का निर्धारण किया था। नवंबर में बिल्डिंग परमिशन शुल्क को रिवाइस करके दिसंबर से नई दर लागू की थी। इससे शुल्क 5000 से बढ़कर 50 हजार पहुंच गया था।

**48 से ज्यादा ने मना कर दिया था शुल्क भरने से :** दिसंबर निगम में इंजीनियर फर्म के मार्फत ऑनलाइन लगभग 62 प्रकरण आए थे। इनमें से कुछ ने बढ़ा शुल्क भरकर अनुमति ले ली, जबकि 48 से ज्यादा ने भारी भरकम शुल्क भरने से मना कर दिया था। बढ़े हुए शुल्क पर रोक लगाने के बाद अब ये लोग पूर्व निर्धारित शुल्क भरकर अनुमति ले सकेंगे।

### 14 लोग भर चुके बढ़ा हुआ शुल्क, कैसे रिफंड होगा

प्रशासक द्वारा बढ़े हुए बिल्डिंग परमिशन शुल्क पर रोक लगाने के बाद अब निगम के सामने नई चुनौती आ गई है। दिसंबर में बढ़ा हुआ चार्ज भरकर 14 लोग निर्माण अनुमति ले चुके हैं। अब चूंकि कलेक्टर ने इस पर रोक लगा दी है तो लोगों को वापस रिफंड करना होगी।

### पहले यह था परमिशन चार्ज

- मलबा टैक्स - अधिकतम 2500 रुपए, • भूमि उपयोग शुल्क : अधिकतम 1000 रुपए।

### एक दिसंबर से नया चार्ज

- मलबा टैक्स - एस्टीमेट कास्ट का 1 प्रतिशत, • भूमि उपयोग शुल्क : एस्टीमेट कास्ट का 1 प्रतिशत।

- *शुल्क वृद्धि विसंगतिपूर्ण तरीके से की गई थी। जनसुविधा की दृष्टि से इसे युक्तियुक्त कर कम करने की मांग की गई थी। इस पर रोक लगने से लोगों को राहत मिलेगी।* **-चेतन्य काश्यप,** विधायक
- *एक दिसंबर से भवन अनुज्ञा शुल्क में बढ़ोतरी की थी, उसे स्थगित कर दिया गया है। जनता की सुविधा के लिए यह निर्णय लिया गया है। अब पुराने शुल्क पर भी अनुमति दी जाएगी।* **- गोपालचंद्र डाड,** कलेक्टर

दै. भास्कर

2-1-2021

दैनिक भास्कर, शनिवार, 02 जनवरी, 2021 | 2

# कोरोना को मात देने कसरत का साथ : 8 बगीचों में ओपन जिम की शुरुआत, योगा क्लास भी फुल

रतलाम | कोरोना काल में लोग फिटनेस फ्रेंडली हो गए हैं। सहूलियत के लिए नगर निगम ने भी 8 बगीचों में ओपन जिम बना 50 से ज्यादा उपकरण लगा दिए हैं। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक उपकरणों से हल्की कसरत करते देखे जा सकते हैं। शहर की पहली ओपन जिम 2016 में नेहरू स्टेडियम के बाहर रोटरी गार्डन में शुरू हुई थी।

**55% बढ़ी हर्बल ज्यूस की बिक्री :** इम्यूनिटी बढ़ाने वाले आंवला, एलोवेरा, चुकंदर, लौकी, गिलोय, नीम, करेला के साथ अन्य हर्बल ज्यूस की बिक्री 55 % बढ़ गई है। कॉलेज ग्राउंड के सामने ज्यूस का स्टॉल लगाने वाले रवि लोहार ने बताया कि लॉकडाउन के पहले एक-एक 20 लीटर की कैन बमुश्किल खत्म हो पाती थी।

**ओपन जिम से कमर के दर्द में मिला लाभ :** श्री कालिका माता मंदिर क्षेत्र बगीचे में ओपन जिम में लाल कुंवर पति राजकुमार पोरवाल (70) ने बताया वह 30 सालों से मार्निंग वॉक कर रही है। पहले वे सागोद रोड तक जाती थीं। लॉकडाउन के बाद से इस बगीचे में ओपन जिम लगने से यहां एक्सरसाइज करने आ रही हूं। सरला सोनी (60) ने बताया उन्हें कमर में काफी दर्द रहने लगा था। कई डॉक्टरों को दिखाया, लेकिन फर्क नहीं पड़ा। मार्निंग वॉक के साथ ही ओपन जिम में एक्सरसाइज करने लगी, अब कमर के दर्द में काफी आराम है।



कालिका माता मंदिर के बगीचे की ओपन जिम में लगे उपकरणों पर कसरत करते बुजुर्ग और युवा।

### हल्की कसरत में उपयोगी

हल्की कसरत करने वालों के लिए ओपन जिम बढ़िया माध्यम है। लॉकडाउन में घरों में योग करने वालों के साथ योगा क्लास में आने वालों की संख्या बढ़ी है। मार्च तक शहर में 5 योगा सेंटर थे, अब लगभग इतने ही और खुल गए हैं। इनमें युवाओं की संख्या ज्यादा है।
**आशा दुबे,** जिला योग प्रशिक्षक

### फिटनेस मायने रखती है

निश्चित रूप से रिचर्स में भी यही साबित हुआ है कि जिनकी फिटनेस अच्छी थी, उन पर कोरोना असर नहीं कर पाया। दवाओं के साथ लोग फिटनेस पर ध्यान दे रहे हैं।। होम आइसोलेट मरीजों को भी हल्का व्यायाम करने की सलाह देता हूं। इससे वे रिलेक्स होते हैं।
**डॉ. राजेश शर्मा,** वरिष्ठ चिकित्सक

दै० भास्कर
2-1-2021

(24)

**नववर्ष पर तीन नई शुरुआत** • कालिकामाता मंदिर में वाहन खरीदारों ने की पूजा, पार्षद प्रत्याशियों को पता चलेगी सीमा

# खूब बिके वाहन, वार्ड आरक्षण व सीमा निर्धारण का गजट नोटिफिकेशन जारी, कबाड़ की क्रेन तैयार

रतलाम | 2021 का आगाज शहर में तीन नई शुरुआत के साथ हुआ। नए साल के पहले दिन बीते साल से तीन चार पहिया और दो गुना दो पहिया वाहन खरीदकर शहरवासियों ने नए ट्रेंड बनाया। एक साल से लंबित नगरीय निकाय चुनाव के लिए सरकार ने वार्ड आरक्षण और उसकी सीमा निर्धारण का गजट नोटिफिकेशन जारी हुआ। वहीं पहली बार वेस्ट मटेरियल से वाहन उठाने की क्रेन बनाकर नगर निगम ने टेस्टिंग की, जो सफल रही।

## नववर्ष का पहला दिनः पिछले साल से तीन गुना बिके फोर व्हीलर और दोगुना टू व्हीलर



कालिकामाता मंदिर परिसर में वाहन की पूजन कराते लोग।

इस बार नववर्ष पर वाहन खरीदी का नया ट्रेंड सामने आया। साल 2020 के पहले दिन से तुलना करें तो तीन गुना फोर व्हीलर और दो गुना टू व्हीलर बिके। सामान्यतः नए साल पर वाहनों की खरीदी नहीं होती क्योंकि मार्च तक नए साल के मॉडल शोरूम में आते हैं। शुक्रवार को दिन-भर में 60 फोर व्हीलर और 100 टू व्हीलर बिके। वहीं पिछले साल 20 फोर व्हीलर और 50 टू व्हीलर बिके थे।

### नए साल में वाहन खरीदी की इतना रुझान रहा

पटेल मोटर्स के जीएम विष्णु सविता ने बताया कि वैसे तो दशहरे, दीपावली पर वाहन खरीदी की तरफ लोगों का रुझान रहता है लेकिन इस बार नए साल में भी लोगों ने वाहन खरीदे। नए साल से भाव बढ़ना थे लेकिन कंपनी ने भाव नहीं बढ़ाए हैं। इससे लोगों को सस्ते वाहन मिल रहे हैं।

## दोनों पार्टियों के 360 से ज्यादा नेता लगा रहे हैं जोर

सरकार ने शहर के सारे 49 वार्डों की सीमा निर्धारण व आरक्षण का गजट नोटिफिकेशन जारी किया है। इससे पार्षद प्रत्याशियों को सीमाएं पता चल पाएंगी। वहीं मार्च-अप्रैल में संभावित निकाय चुनाव की तैयारियों के लिए पार्टियों को दिशा मिलेगी। फिलहाल पार्षद व महापौर हेतु भाजपा-कांग्रेस के 360 से ज्यादा नेता जोर-आजमाइश कर रहे हैं। नाम तय करने के लिए भाजपा संभागीय संगठन मंत्री की नियुक्ति का इंतजार कर रही है तो कांग्रेस ने आवेदन लेना शुरू कर दिए हैं।

### यह है राजनीतिक दलों की तैयारी

**भाजपा** : दावेदारों की संख्या 220 के पार पहुंच गई है। टिकट के लिए भोपाल-दिल्ली के चक्कर शुरू हो गए हैं। सारा दारोमदार संभागीय संगठन की नियुक्ति पर टिका है। फिर संभागीय व जिला कमेटी गठित होगी।

**कांग्रेस** : प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने चयन समिति बनाई है। समिति में झाबुआ विधायक कांतिलाल भूरिया, पूर्व नेता प्रतिपक्ष यास्मीन शेरानी और चारों मोर्चा अध्यक्षों को लिया गया है। पार्षद टिकट के 24 आवेदन आए हैं।

## वाहन लिफ्ट करने वाली क्रेन से हर माह अब नगर निगम के बचेंगे 76 हजार रु.



कर्मशाला परिसर में जुगाड़ से बनाई क्रेन की टेस्टिंग करते कर्मचारी।

ट्रैफिक रोकने वाले सड़क पर खड़े दो व चार पहिया वाहनों को हटाने के लिए निगम को क्रेन किराए पर नहीं लेना पड़ेगी। 9 साल से कबाड़ में पड़े कचरा कंटेनर वाहन को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी विजयसिंह राठौर ने क्रेन में तब्दील कर दिया है। एक माह की मेहनत से तैयार क्रेन की टेस्टिंग भी हो गई है। इससे निगम को हर माह 76800 रुपए (अभी किराए की क्रेन का भुगतान हो रहा) की बचत होगी।

### ऐसे काम कर गया आइडिया

यह आइडिया वेस्ट रिसाइकिल पॉइंट पर आयुक्त झारिया को आया। उन्होंने कबाड़ से टू व्हीलर बनाने वाले विजय को बुलाया। लगभग सवा घंटे में क्रेन की योजना बनी। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह के साथ विजय कर्मशाला के पिंटू, प्रतापसिंह, दशरथ, महेंद्रसिंह, सादिक को लेकर क्रेन बनाने में जुट गया। अब टेस्टिंग कामयाब हो गई।

दै. भास्कर
2-1-2021

(6)

# गंदगी व मलबा फैलाने वाले 16 व्यक्तियों पर जुर्माना



रतलाम में व्यवसायी से जुर्माना वसूलते हुए नगर निगम कर्मचारी। • नईदुनिया

2-1-2021

**रतलाम।** नगर निगम द्वारा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिकों व दुकानदारों पर जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। शहर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सतत नजर रखी जा रही है। इसके लिए पुलिस कंट्रोल रूम पर तीन पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार गंदगी व मलबा फैलाने पर विष्णु, दाउद भाई, नोबेल प्लायवुड व हर्षित पिरोदिया पर 500-500, स्टैंडर्ड हार्डवेयर, वीरेंद्र, नरेश, शब्बीर हुसैन, अक्षय राठौर, अंकित, पंकज भाटी, हासन, राठौर रेस्टोरेंट व सुमित पर 250-250 व राज स्टोर व पिरोदिया किराना पर 100 रुपये का जुर्माना किया गया। जुर्माने की कार्रवाई प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, जोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत हाड़े आदि द्वारा की गई।

नई दुनिया
2-1-2021

## सीएम आज प्रमुख सचिव और विभागाध्यक्षों से करेंगे बात

भोपाल | मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शनिवार को शाम 4 बजे वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और विभागाध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे। इस दौरान सीएम नए साल में आला अफसरों से विभागों द्वारा उनसे संबंधित चलाई जा रही शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में चर्चा करेंगे।

दै. भास्कर 2-1-2021

# वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से मुख्यमंत्री करेंगे मैदानी अधिकारियों से बात

2-1-2021

भोपाल (नईदुनिया स्टेट ब्यूरो)। नए साल की पहली कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस चार जनवरी को आयोजित होगी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मैदानी अधिकारियों से बात करेंगे। इस बार मिलावटखोर, भू-माफिया, अवैध उत्खनन, चिटफंड कंपनियों पर नकेल कसने के लिए चलाए जा रहे अभियान के अलावा कानून व्यवस्था, आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश को लेकर चर्चा होगी। कॉन्फ्रेंस के बाद प्रदेश में नए सिरे से प्रशासनिक कसावट शुरू होगी।

**कॉन्फ्रेंस**


- कलेक्टर और कमिश्नर कॉन्फ्रेंस चार जनवरी को
- कॉन्फ्रेंस में मिलावटखोरी-कानून व्यवस्था रहेगा मुख्य मुद्दा

मुख्यमंत्री चौहान शनिवार को धार्मिक यात्रा से लौट रहे हैं। वे सोमवार को प्रदेश के सभी कलेक्टर, कमिश्नर, आइजी-एसपी से वीडियो कॉल के जरिए रूबरू होंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री माफियाओं के खिलाफ प्रदेश में चलाए जा रहे अभियानों की सफलता पर बात करेंगे। अधिकारियों से पूछा जाएगा कि उनके क्षेत्र में इन अभियान की क्या स्थिति है। मैदानी अधिकारियों से इसे लेकर भी बात की जाएगी। मुख्यमंत्री महिला स्व-सहायता समूहों के दायरे में विस्तार, कानून व्यवस्था के साथ लक्ष्य बनाकर आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश के रोडमैप पर काम करने के निर्देश दे सकते हैं और इन मुद्दों पर जिलों की रणनीति पर भी बात करेंगे। कोरोना संकट से उबरने की कोशिश कर रही सरकार वर्ष 2021 में एक लाख लोगों को रोजगार देने का लक्ष्य लेकर चल रही है। मुख्यमंत्री इस पर बात करेंगे। वहीं सरकारी खजाना भी खाली है। उसके लिए विभागों को अपने प्रयास बढ़ाने हैं। इसे लेकर लगातार निर्देश दिए जा रहे हैं। धार्मिक यात्रा से शनिवार को लौट रहे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान दोपहर बाद प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारियों से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए बात करेंगे। यह एक तरह से नववर्ष मिलन कार्यक्रम ही होगा।

नई दुनिया 2-1-2021

**नगरीय विकास एवं आवास मंत्री बोले-**

# प्राधिकरणों से छीनेंगे जमीन अधिग्रहण के अधिकार



मंत्री भूपेंद्र सिंह सांसद लालवानी और विधायक सिलावट के साथ

## मेट्रोपॉलिटिन क्षेत्र के आधार पर बनेगा मास्टर प्लान

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com 2-1-2021

इंदौर. नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने शुक्रवार को स्पष्ट संकेत दिए कि सरकार प्राधिकरणों से जमीन अधिग्रहण के अधिकार छीनने वाली है। अब प्राधिकरण सिर्फ सड़क के लिए आवश्यक जमीन का ही अधिग्रहण कर सकेंगे। साथ ही संपत्तियों में कंपाउंडिंग का क्षेत्रफल बढ़ाने की तैयारी है। उन्होंने कहा, इंदौर का मास्टर प्लान मेट्रोपॉलिटन एरिया के आधार पर ही बनाएंगे। इसके लिए निवेश क्षेत्रों का पुनर्गठन किया जाएगा।

मंत्री सिंह ने शुक्रवार को मास्टर प्लान और नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक ली। वे बोले, सरकार नगरीय विकास के लिए कई बदलाव करने जा रही है। देखने में आ रहा है, विकास प्राधिकरण योजनाएं लागू करके जमीनों को फ्रीज कर देते हैं। नए अधिग्रहण नियमों के आधार पर इनकी क्षमता नहीं होती है। आपसी सहमति से आजकल जमीन मालिक राजी नहीं होते हैं। सरकार ने तय किया है, अब प्राधिकरण अनावश्यक योजना बनाकर जमीन अधिग्रहण नहीं कर सकेंगे।

### संपत्तिकर का निर्धारण गाइड लाइन से होगा

मंत्री बोले, नगरीय निकायों में संपत्ति कर निर्धारण की विसंगतियों को दूर कर इसे गाइड लाइन आधारित बनाया जा रहा है। स्वच्छता प्राथमिकता में है। अवैध कॉलोनियों को कानून बना कर वैध करेंगे।

पत्रिका 2-1-2021

## छंटनी के बाद अब जोड़ रहे नए नाम, मिलेगी आर्थिक मदद

भोपाल। प्रधानमंत्री स्व-निधि योजना में नगरीय क्षेत्र के 96 हजार से अधिक पथ विक्रेताओं के पंजीयन किए गए थे। इनमें से 44 हजार से अधिक पथ विक्रेता यानी सड़कों पर खाने-पीने, फल या फेरी लगाकर विभिन्न सामान बेचने वालों का चयन कर उन्हें 10 हजार रुपये का ऋण दिया जा रहा है। इस दौरान पता चला था कि 2100 से ज्यादा लोग पहले से बैंकों से लोन ले चुके हैं, लेकिन वापस नहीं चुकाया था। ऐसे लोगों के प्रकरण निरस्त कर जिला अग्रणी बैंक नए आवेदकों का चयन कर रहा है। ताकि वे अपने कारोबार को उबार सकें। इसके अलावा अब ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगारों का चयन भी किया जा रहा है, ताकि वे भी आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें। भोपाल जिले के 2624 लोगों का इसमें चयन किया गया है। योजना के तहत अगस्त में नगर निगम ने 96 हजार 504 पथ विक्रेताओं के आवेदन लेकर पंजीयन किया था। इनमें से 44 हजार प्रकरण मंजूर करते हुए 29 हजार से ज्यादा के प्रकरण बैंकों में भेज दिए थे। इनकी बैंक जांच करवाकर राशि मंजूर कर रहे हैं। जांच में जिन आवेदनों में गड़बड़ सामने आई, उन्हें निरस्त करते हुए नए नाम जोड़े जा रहे हैं। (नप्र)

नई दुनिया 2-1-2021

**सफाई मित्र समूह ने संकल्प दिलाया**

# रांगोली और दीपदान के साथ दिया स्वच्छता का संदेश



**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com 2-1-2021

**रतलाम.** यूं तो स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नगर निगम द्वारा किए जा रहे प्रयासों से नागरिक जागरुक हो रहे हैं, वहीं बच्चों में स्वच्छता को लेकर उत्साह अब देखते ही बनने लगा है। वही कमजोर और मध्य वर्गीय तबके से जुड़े मोतीनगर इलाके में स्वच्छता का संदेश देने के लिए रांगोली निर्माण और दीपदान की तैयारियां की जा रही थी, उसी दौरान क्षेत्र के तमाम बच्चों और महिलाओं ने पहले अपने क्षेत्र में श्रमदान के माध्यम से सफाई की और उसके बाद रांगोली के निकट खड़े होकर शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के संकल्प लिया। अब तक 400 से अधिक स्थान को शहर में कचरा मुक्त किया गया है।

स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2021 के अंतर्गत निगमायुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा लगातार शहर के सभी क्षेत्रों को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान 2021 के तहत शहर में विशेष साफ-सफाई अभियान बड़े पैमाने पर चलाया जा रहा है। इसके साथ-साथ ही कचरा मुक्त स्थानों पर आकर्षक रांगोली और दीपदान के माध्यम से सफाई मित्र समूह के माध्यम से लोगों को जागरुक किया जा रहा है। इसी के अंतर्गत मोतीनगर क्षेत्र में रहने वालों ने शहर को स्वच्छ व साफ बनाने का संकल्प लिया। इसके पूर्व क्षेत्र में गलियों से लेकर चौराहों तक जो कचरा था उसको साफ किया गया। इसके बाद रांगोली बनाई गई। इस बारे में जब निगम के स्वास्थ्य विभाग को पता चला तो उन्होंने भी मोतीनगर पहुंचकर क्षेत्र के नागरिकों का हौसला बढ़ाया। इस दौरान स्वच्छता के बाद दीपदान भी किया गया।

अपने अपने मोहल्लों में स्वच्छता रखकर इसी तरह दीपदान शहर का प्रत्येक व्यक्ति करें तो शहर को नंबर एक पर आने से कोई रोक नहीं सकता है।

**- एपीसिंह**, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी, नगर निगम

पत्रिका

2-1-2021

# श्रमदान के बाद रंगोली बनाई और दीपदान कर दिया स्वच्छता का संदेश

रतलाम। यू तो स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नगर निगम द्वारा किए जा रहे प्रयासों से नागरिक जागरुक हो रहे है, वही बच्चों में स्वच्छता को लेकर उत्साह अब देखते ही बनने लगा है। गुरुवार को कमजोर और मध्यवर्गीय तबके से जुड़े मोतीनगर इलाके में स्वच्छता का संदेश देने के लिए रांगोली निर्माण और दीपदान की तैयारियां की जा रही थी, इसी दौरान क्षेत्र के तमाम बच्चों और महिलाओं ने पहले अपने क्षेत्र में श्रमदान के माध्यम से सफाई की और उसके बाद रंगोली के निकट खड़े होकर शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के संकल्प लिया।

स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2021 के अंतर्गत निगमायुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा लगातार शहर के सभी क्षेत्रों को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान 2021 के तहत शहर में विशेष साफ-सफाई अभियान बड़े पैमाने पर चलाया जा रहा है। इसके साथ-साथ ही कचरा मुक्त स्थानों पर रंगोली बनाई और दीपदान के माध्यम से सफाई मित्र समूह के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

रवांगा दुनिया

2-1-2021

नई दुनिया 2-1-2021

## 510 मवेशियों को पकड़कर गोशालाओं में भेजा

रतलाम। नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गोशालाओं में भेजा जा रहा है। इसके तहत अब तक 510 मवेशियों को पकड़कर जिले की गोशालाओं में भेजा जा चुका है। शुक्रवार को बाजना बस स्टैंड व दीनदयाल नगर से दो मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गए।

नई दुनिया

2-1-2021

(२०)

# प्रवासी श्रमिक एवं रोजगार सेतु पोर्टल को मिलेगा डिजिटल इंडिया 2020 अवार्ड

## अन्य राज्यों से लौटे श्रमिकों को रोजगार दिलाने के लिए बनाया था पोर्टल

2-1-2021

भोपाल (नईदुनिया स्टेट ब्यूरो)। प्रवासी श्रमिक एवं रोजगार सेतु पोर्टल को आपदा के समय नवाचार श्रेणी में डिजिटल इंडिया अवार्ड 2020 प्रदान किया गया। कोरोना संकट के चलते लॉकडाउन के दौरान अन्य राज्यों से मध्य प्रदेश लौटे प्रवासी श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए श्रमिक परिवारों के सदस्यों के चिन्हांकन, पंजीयन, आर्थिक व अन्य सहायता उपलब्ध कराने और पलायन संबंधित समस्याओं के दीर्घकालिक समाधान के उद्देश्य से प्रवासी श्रमिक मोबाइल एप, प्रवासी श्रमिक एवं रोजगार सेतु पोर्टल प्रारंभ किया गया था।

श्रम विभाग के प्रमुख सचिव उमाकांत उमराव के नेतृत्व में श्रम आयुक्त आशुतोष अवस्थी, उप सचिव छोटे सिंह, संचालक एनआइसी सुनील जैन तथा अपर श्रमायुक्तप्रभात दुबे ने राष्ट्रपति से यह अवार्ड प्राप्त किया। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान की पहल पर इस पोर्टल के माध्यम से प्रवासी श्रमिकों को उनकी दक्षता, कौशल व अनुभव के अनुसार उनके क्षेत्र में ही रोजगार प्रदान करने, पलायन रोकने और नियोक्ताओं को उन्हीं के क्षेत्र में श्रमिक उपलब्ध कराने का काम किया गया। पोर्टल पर अब तक 35207 नियोक्ताओं द्वारा पंजीयन कराया गया है और 44644 प्रवासी श्रमिकों को विभिन्न संस्थानों में रोजगार प्रदान किया गया है। इसके अलावा दो लाख तीन हजार 757 अकुशल प्रवासी श्रमिकों को मनरेगा योजना में नियोजित किया गया है। प्रवासी श्रमिकों के लिए किए जा रहे कार्यों को देखते हुए नीति आयोग ने रोजगार सेतु पोर्टल को अखिल भारतीय स्तर पर प्रारंभ किए जा रहे उन्नति पोर्टल में समायोजित करने का फैसला किया है। श्रम मंत्री बृजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि इस नवाचार से रोजगार के अवसर सृजित होने के साथ-साथ नियोक्ताओं को भी कुशल श्रमिक मिल रहे हैं। मोबाइल एप और ऑनलाइन व्यवस्था का प्रभावी उपयोग कर कोरोना महामारी में भी श्रमिकों के कल्याण के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने वाला मध्य प्रदेश पहला राज्य है।

### प्रवासी श्रमिकों के लिए किए ये काम

- सात लाख 40 हजार प्रवासी श्रमिकों और उनके पांच लाख 90 हजार 422 सदस्यों का पंजीयन कर खाद्यान्न उपलब्ध कराया गया।
- इन प्रवासी श्रमिकों के 5 से 18 वर्ष के दो लाख छह हजार 425 बच्चों को शिक्षा से जोड़ा गया।
- लॉकडाउन अवधि में प्रदेश में 8 लाख 85 हजार 89 श्रमिकों को प्रति श्रमिक 2000 के हिसाब से 177 करोड़ रुपये का ऑनलाइन भुगतान राज्य सरकार ने किया।




- प्रवासी श्रमिकों को रोजगार प्रदान करने के लिए जिला स्तर पर 17 रोजगार मेलों का आयोजन किया गया।

नई दुनिया 2-1-2021

# गरीब कल्याण के साथ की मुख्यमंत्री ने नववर्ष की शुरुआत, कमजोर वर्ग को उपलब्ध करवाई सहायता

स्वदेश 2-1-2021

इंदौर ● 1 जनवरी ( स्वदेश समाचार ) मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने नववर्ष की शुरुआत गरीब कल्याण के साथ की। मुख्यमंत्री श्री चौहान नववर्ष के पहले दिन इंदौर के पंचशील नगर बस्ती में पहुंचे और विभिन्न लोगों से मुलाकात कर जरूरतमंद कमजोर वर्ग के लोगों को विभिन्न प्रकार की सहायताएं उपलब्ध कराई। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने पंचशील नगर बस्ती में बने गरीब वर्गों के आवास में जाकर उनके दु:ख-दर्द को सुना। मुख्यमंत्री श्री चौहान यहां लकवाग्रस्त 65 साल की द्वारिका बाई से मिले और उनके उपचार के निर्देश कलेक्टर मनीष सिंह को दिए। द्वारिका बाई बरसों पहले मुख्यमंत्री श्री चौहान से मिल चुकी थी। उनके घर पर मुख्यमंत्री के साथ उनकी फोटो भी लगी हुई थी। मुख्यमंत्री श्री चौहान के प्रेम से अभिभूत द्वारिका बाई के आंसू नहीं रुके और वह बिलखकर मुख्यमंत्री के कंधे से लगकर रो पड़ी।

मुख्यमंत्री श्री चौहान चार साल के आदित्य से भी मिले और उसे दुलार किया। आदित्य जन्म से ही दिव्यांग हैं और कपड़े की दुकान में काम करने वाले उनके पिता गोविंद अपनी पूरी कोशिश के साथ उसका इलाज कराने में लगे हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने उनके माता-पिता को आश्वस्त किया कि आदित्य का बेहतर से बेहतर उपचार किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आदित्य के पिता गोविंद को आश्वस्त किया कि वे इस संघर्ष में उनके साथ हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जिला प्रशासन को निर्देश दिए कि आदित्य का बेहतर से बेहतर इलाज कराएं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने इकोनॉमिक वीकर सेक्सन के लिए बनी इस सोसायटी के रहवासियों से भी मुलाकात की और उनके माध्यम से समूचे इंदौर को नववर्ष की शुभकामनाएं दी।

### त्वरित रूप से मिली सहायता

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान पंचशील नगर में जिन जरूरतमंद लोगों से मिले, उन्हें मुख्यमंत्री श्री चौहान के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा तत्परतापूर्वक कार्रवाई करते हुए सहायता उपलब्ध कराई गई। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने एयरपोर्ट पर जरूरतमंदों के परिजनों को सहायता राशि वितरित की। मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा दिव्यांग शुभांगी पिता विक्की कांबले को लैपटॉप एवं ट्राय सायकल प्रदाय की गई। इसी क्रम में चार वर्षीय बालक आदित्य पिता गोविंद सावंग की गंभीर बीमारी के इलाज के लिए आर्थिक सहायता देने और अच्छे हास्पिटल में इलाज करने के लिए मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जिला प्रशासन को निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने एयरपोर्ट में बालक आदित्य के पिता गोविंद को रेडक्रॉस सोसायटी से एक लाख रुपए की राशि का स्वीकृत पत्र प्रदान किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने दीपाली पति स्व. गौतम तैलंग को कल्याणी पेंशन-पत्र एवं सिलाई मशीन प्रदान की। उन्होंने द्वारिका बाई पति स्व. बालचंद इंगले के पैरालिसिस इलाज के लिए रेडक्रॉस सोसायटी से एक लाख रुपए की राशि स्वीकृत करने का पत्र बेटे गोविंदा को सौंपा।

स्वदेश
2-1-2021

प्रधानमंत्री मोदी ने इंदौर में 128 करोड़ लागत के लाइट हाउस प्रोजेक्ट की रखी आधारशिला (25)

स्वदेश 2-1-2021

# 1000 से ज्यादा आवास नई तकनीक से बनेंगे



प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को 6 राज्यों में लाइट हाउस परियोजनाओं की आधारशिला रख हितग्राहियों का अभिवादन किया।

इंदौर/भोपाल ● 1 जनवरी ( स्वदेश समाचार )
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मध्यप्रदेश के इंदौर सहित छह राज्यों के छह स्थानों पर ग्लोबल हाउसिंग टेक्नोलॉजी चैलेंज- इंडिया (जीएचटीसी- इंडिया) के तहत हल्के मकान से जुड़ी परियोजनाओं (लाइट हाउस प्रोजेक्ट्स) की आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अफोर्डेबल सस्टेनेबल हाउसिंग एक्सेलेरेटर्स- इंडिया के तहत विजेताओं की भी घोषणा की और प्रधानमंत्री आवास योजना- शहरी मिशन के कार्यान्वयन में उत्कृष्टता के लिए वर्ष 2019 के वार्षिक पुरस्कार भी दिए। मध्यप्रदेश को उल्लेखनीय कार्य के लिए दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने इंदौर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर वर्चुअल रूप से यह पुरस्कार प्राप्त किया। प्रदेश के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत आज नए वर्ष का पहला दिन एक जनवरी, 2021 उपलब्धिभरा रहा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से इंदौर में 128 करोड़ रुपए लागत की लाइट हाउस प्रोजेक्ट का शिलान्यास किया। इंदौर में नई तकनीक से 1000 से ज्यादा आवास बनेंगे।

- *कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने मध्यप्रदेश को पुरस्कार प्राप्त होने पर बधाई दी। आवासहीनों के लिए आवास निर्माण बनाने में नई तकनीकों का उपयोग शुरू किया गया है। इससे कम लागत में, कम समय में गुणवत्तापूर्ण आवास निर्मित होंगे। नई तकनीकों के उपयोग के लिए विभिन्न नवाचार किए जा रहे हैं।*
- *लाइट हाउस प्रोजेक्ट भी इसी का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि आवास निर्माण के लिए नवोन्मेषी निर्माण के लिए 54 नवोन्मेषी आवास निर्माण प्रौद्योगिकी चिन्हित की गई है। देश में पहली बार निर्माण क्षेत्र में इतने बड़े पैमाने पर लाइट हाउस प्रोजेक्ट्स (एलएचपी) उपयोग में लाए जाएंगे, जो कि वैकल्पिक वैश्विक प्रौद्योगिकी, सामग्रियों और प्रक्रियाओं का बेहतरीन प्रदर्शन करती हैं।*
- *इनका निर्माण जीएचटीसी- इंडिया के तहत किया जा रहा है, जो आवास निर्माण के क्षेत्र में नवीन तकनीकों को अपनाने के लिए एक समग्र परिवेश तैयार करने की परिकल्पना है।*

## योजना आवासहीनों के लिए उपहार- शिवराज




मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने लाइट हाउस प्रोजेक्ट की आधारशिला कार्यक्रम को संबोधित किया।

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा लिए गए सभी को पक्के मकान देने का संकल्प प्रदेश में 2022 तक पूरा कर लिया जाएगा। प्रदेश में तेजी से आवास निर्माण किए जा रहे हैं। यह योजना आवासहीनों के लिए एक उपहार है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत निर्मित आवासों में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में 378 निकायों में अभी तक सात लाख 24 हजार से अधिक आवास स्वीकृत किए गए हैं। इनमें से तीन लाख आवासों का निर्माण पूरा हो गया है। दो लाख आवासों का निर्माण प्रगति पर है। एक लाख से अधिक आवास आवंटित भी कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि आवासों का निर्माण पूरा करने के लिए तेजी से काम चल रहा है। निर्धारित समय-सीमा में आवासों का निर्माण पूरा कर लक्ष्य ( शेष अंतिम पृष्ठ पर )



मुख्यमंत्री ने इंदौर के पंचशील नगर लकवाग्रस्त द्वारिका बाई का हालचाल जाना व प्रशासन को सहायता के निर्देश दिए।

स्वदेश 2-1-2021

(12)

# 508 मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा

इन्दौर स. 2-1-2021

रतलाम। रतलाम नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानो, सड़को, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा जा रहा है जिसके तहत 12 अक्टूबर से 31 दिसम्बर तक 508 मवेशियों को पकड़कर जिले की गौशालाओं में भेजा गया।

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा 12 अक्टूबर से अभियान चलाया गया तथा 30 दिसम्बर तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 508 मवेशियों को पकड़ जाकर जिले की विभिन्न गौशालाओं में भेजा गया। अभियान के तहत 31 दिसम्बर गुरुवार को सैलाना बस स्टैण्ड, सैलाना ओवर ब्रीज, अलकापुरी, मार्निंग स्टार स्कूल, इन्द्रलोक नगर, से 6 मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गये।

शहर के सार्वजनिक स्थानों, सड़को चौराहो को मवेशी मुक्त बनाये जाने हेतु नगर निगम द्वारा शहर के मवेशी पालकों के बाड़े एवं तबेलो को अभियान चलाकर तोड़ा जायेगा इस हेतु निगम द्वारा नगर के सभी मवेशी पालकों को नोटिस जारी किया गया है। शहरी क्षेत्र में मवेशियों का पालन करना नियम विपरित है, ऐसे मवेशी पालक जो कि शहरी क्षेत्र में अनुमति के विपरित तबेले एवं बाड़े का निर्माण कर मवेशियों का पालन किया जा रहा है वे स्वयं अपने तबेले एवं बाड़े नहीं तोड़ते है तो निगम द्वारा उन्हे तोड़ा जाकर राशि वसूल की जायेगी।

नगर निगम एक्ट की धारा 358 के तहत कोई भी व्यक्ति जो कि अपना घोड़ा या अन्य किसी भी पशु को अपनी इच्छा से खुला छोड़ेगा व उससे किसी व्यक्ति या संपत्ति को नुकसान पंहुचता है तो पालक पर 500 रूपये का अर्थदण्ड किये जाने का प्रावधान है। निगम एक्ट के तहत अब स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशी पालकों के घर जाकर निगम दस्ता अर्थदण्ड राशि रूपये 500/- वसूल करेगा।

स्वच्छंद रूप से विचरण करने वाले मवेशियो को पकड़ने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाड़े व स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा की गई।

इन्दौर समाचार 2-1-2021

## 508 मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा

उजाला 2-1-2021

रतलाम। नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने के लिए नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानो, सड़कों, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा जा रहा है। 12 अक्टूबर से 31 दिसम्बर तक 508 मवेशियों को पकड़कर जिले की गौशालाओं में भेजा गया। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा 12 अक्टूबर से अभियान चलाया गया तथा 30 दिसम्बर तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 508 मवेशियों को पकड़ा जाकर जिले की विभिन्न गौशालाओं में भेजा गया। अभियान के तहत 31 दिसम्बर को सैलाना बस स्टैण्ड, सैलाना ओवर ब्रीज, अलकापुरी, इन्द्रलोक नगर, से 6 मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गये। शहर के सार्वजनिक स्थानों, सड़को चौराहो को मवेशी मुक्त बनाये जाने के लिए नगर निगम द्वारा शहर के मवेशी पालकों के बाड़े एवं तबेलो को अभियान चलाकर तोड़ा जाएगा। इस के लिए निगम द्वारा नगर के सभी मवेशी पालकों को नोटिस जारी किया गया है।

उजाला दुनिया 2-1-2021

16

# 71 दिनों में ठीक किए 108 वॉल्व व 495 पाइप लीकेज

रतलाम। शहर की जलप्रदाय व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए पाइप लाइन व वॉल्व लीकेज ठीक करने का कार्य जलप्रदाय विभाग द्वारा किया जा रहा है। इसके तहत 71 दिनों में 108 वॉल्व व 495 पाइप लाइन लीकेजों को ठीक किया जा चुका है। रतलाम जलशक्ति अभियान वाट्सएप ग्रुप में लीकेज की समस्या को अपलोड कर तत्काल निराकरण करवाया जा रहा है। शुक्रवार को राम मंदिर के बाहर, रेल नगर, गणेश नगर व काटजू नगर सरस्वती शिशु मंदिर के पास पाइप लाइन लीकेज ठीक करवाने का कार्य करवाया गया।

नई दुनिया 2-1-2021

नई दुनिया
2-1-2021

(1)

# स्वच्छ सर्वेक्षण... फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट लगाने पर ही मिलेगा ओडीएफ डबल प्लस

भास्कर संवाददाता | भोपाल

2-1-2021

स्वच्छ सर्वेक्षण में ओडीएफ डबल प्लस लेने के लिए निकायों को फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट लगाना जरूरी होगा।

नगरीय प्रशासन ने निकायों को इसकी व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। सर्वेक्षण में कम समय बचने से छोटे निकायों को इसका विकल्प भी सुझाया गया है। इसमें उन्हें डीप रो इनट्रेंचमेंट (डीआरई) मॉडल अपनाने को कहा गया है। 20 हजार से कम जनसंख्या वाले निकायों में यह विकल्प अपनाया जा सकता है। प्रदेश में ऐसे करीब 180 निकाय हैं।

दै. भास्कर

2-1-2021

(5)



# श्रमदान के बाद रांगोली और दीपदान के साथ दिया स्वच्छता का संदेश

राज एक्सप्रेस 2-1-2021

रतलाम। नगर निगम द्वारा किए जा रहे प्रयासों से नागरिक जागरुक हो रहे है, वहीं ब%चों में स्व%छता को लेकर उत्साह अब देखते ही बनने लगा है। गुरुवार को कमजोर और मध्य वर्गीय तबके से जुड़े मोतीनगर इलाके में स्व%छता का संदेश देने के लिए रांगोली निर्माण और दीपदान की तैयारियां की जा रही थी, उसी दौरान क्षेत्र के तमाम ब%चों और महिलाओं ने पहले अपने क्षेत्र में श्रमदान के माध्यम से सफाई की और उसके बाद रांगोली के निकट खड़े होकर शहर को स्व%छ और सुंदर बनाने के संकल्प लिया। स्व%छ सर्वेक्षण अभियान 2021 के अंतर्गत निगमायुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा लगातार शहर के सभी क्षेत्रों को स्व%छ और सुंदर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान नगर निगम द्वारा स्व%छता अभियान 2021 के तहत शहर में विशेष साफ-सफाई अभियान बड़े पैमाने पर चलाया जा रहा है। इसके साथ-साथ ही कचरा मुक्त स्थानों पर आकर्षक रांगोली और दीपदान के माध्यम से सफाई मित्र समूह के माध्यम से लोगों को जागरुक किया जा रहा है।

राज एक्सप्रेस

2-1-2021

(20)

# कोरोना के नए स्ट्रेन की तलाश, 20 लोगों के सैंपल जांच के लिए दिल्ली भेजे



**अभी मास्क ही वैक्सीन है**

भास्कर संवाददाता | रतलाम

2-1-2021

देश में कोरोना के नए स्ट्रेन को लेकर डर बना हुआ है। ये स्ट्रेन कहीं भी पहुंच सकता है, ऐसे में इसकी तलाश की जा रही है। रतलाम से 20 लोगों के सैंपल जांच के लिए दिल्ली भेजे गए हैं। ताकि नए स्ट्रेन के बारे में पता लगाया जा सके।

ब्रिटेन में कोरोना का नया स्ट्रेन मिलने के बाद से ही डॉक्टर भयभीत हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि ये 70 प्रतिशत ज्यादा तेजी से फैलता है। देश में भी इसके मामले सामने आ चुके हैं। इसे लेकर विदेश से आए लोगों पर पैनी नजर रखी जा रही है। अब तक यूके से रतलाम आए तीन लोगों के सैंपल की जांच भी हो चुकी है। जो निगेटिव निकले थे। वहीं अब 20 लोगों के सैंपल जांच के लिए दिल्ली भेजे हैं। ये वे लोग हैं जो 23 नवंबर के बाद पॉजिटिव आए। इनका चयन रैंडम आधार पर किया गया है। 2 से 3 दिन में रिपोर्ट आ सकती है।

## शुक्रवार को 7 नए पॉजिटिव सामने आए, अब कुल संक्रमित 4089

जिले में शुक्रवार को 7 नए पॉजिटिव मिले हैं। इसी के साथ कुल संक्रमित 4089 हो गए हैं। नए संक्रमितों में धानमंडी के 43 वर्षीय पुरुष, वेद व्यास कॉलोनी के 20 वर्षीय, 32 वर्षीय पुरुष, डोंगरे नगर के 44 वर्षीय पुरुष, 44 वर्ष की महिला, इंदिरा नगर के 61 वर्षीय पुरुष, जगदेव गंज आलोट के 61 वर्षीय पुरुष शामिल हैं।

दै. भास्कर
2-1-2021

# ठीक होने के बाद 20 लोग दो से तीन बार हुए संक्रमित

## कोरोना : जांच के लिए सैंपल दिल्ली भेजे, कोरोना के स्टेन में बदलाव की आशंका

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना संक्रमण की रफ्तार कुछ थमी है, लेकिन स्वस्थ होने वाले मरीजों पर इसका असर लंबे समय तक देखा जा रहा है। मरीज एक से दो बार ठीक होने के बाद फिर पॉजिटिव मिले हैं। ब्रिटेन में फैले कोरोना के नये वायरस के मामले भी देश के कई हिस्सों में सामने आए हैं। इस वजह से कोरोना पॉजिटिव सैंपल की क्रास जांच के लिए 20 सैंपल एनडीसी दिल्ली भेजे गए हैं।

पॉजिटिव सैंपल की क्रास जांच होगी कि कोरोना वायरस में कहीं कोई नया बदलाव तो नहीं आया। इसका कारण भी पता किया जाएगा कि एक ही मरीज कई बार पॉजिटिव क्यों हो रहे हैं। जिले में 20 मरीज ऐसे मिले हैं, जो दो या तीन बार पॉजिटिव हुए। महामारी नियंत्रक डॉ. प्रमोद प्रजापति ने बताया कि 20 सैंपल दिल्ली भेज दिए गए हैं, जिनकी रिपोर्ट एक सप्ताह बाद आएगी। कोरोना वायरस



कोरोना संक्रमण के प्रति जागरूकता बढ़ने पर अब सड़कों पर ज्यादातर लोग मास्क पहने नजर आने लगे हैं। • नईदुनिया

में क्या नया बदलाव हो रहा है। इसकी जांच होगी। वैक्सीनेशन की तैयारी भी तेजी से चल रही है।

**मां गायत्री हॉस्पिटल में कोविड सेंटर बंद**

अस्सी फीट रोड स्थित मां गायत्री हॉस्पिटल में बनाए गए कोविड सेंटर बंद कर दिया है। अस्पताल प्रबंधन के अमित नागर ने बताया कि शासन ने कोरोना संक्रमित रोगियों के लिए हॉस्पिटल को चिन्हित किया था। रोगियों व उनके स्वजन शासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन नहीं कर रहे थे, जिससे विवाद की स्थितियां बन रही थी। रोगियों व उनके स्वजन के असहयोगात्मक रवैये के चलते सेंटर बंद कर दिया है। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सूचना भी दे दी गई है। अब हॉस्पिटल में केवल नॉन कोविड रोगियों का उपचार किया जाएगा।

**593 रिपोर्ट में सात नए मरीज मिले**

2021 के पहले दिन शुक्रवार को कोरोना के नए मरीजों को लेकर थोड़ी राहत रही। 593 रिपोर्ट में सात नए पॉजिटिव मिले, जिसमें मेडिकल कॉलेज लैब और रैपिड एंटीजन की रिपोर्ट के मरीज शामिल हैं। जिले में अब संक्रमितों की संख्या 4089 पहुंच गई है। 29 नए मरीज डिस्चार्ज होने पर अब तक 3772 मरीज स्वस्थ हुए, जबकि 78 की मौत हुई। जनवरी के पहले दिन धानमंडी, वेद व्यास कॉलोनी, डोंगरे नगर, इंदिरा नगर और जगदेवगंज आलोट से नए मरीज मिले। अब एक्टिव मरीजों की संख्या 239 हो गई है।

### बंद होंगे कोविड कैयर सेंटर, नहीं मिलेगा फंड, निजी अस्पताल गाइड लाइन के अनुसार चला सकेंगे सेंटर

कोरोना संक्रमित मरीजों को अब ज्यादा से ज्यादा होमआइसोलेट करने के साथ कोविड केयर सेंटर बंद करने के निर्देश शासन स्तर से जारी हो गए है। जिन अस्पतालों में कोविड केयर सेंटर संचालित है, वहां अब अन्य दूसरी बीमारी के मरीजों को भर्ती करने की व्यवस्था बनाने के साथ कोविड केयर सेंटर बंद करना है। निजी अस्पताल कोविड केयर सेंटर संचालित कर सकते है, लेकिन उन्हें अलग से कोरोना के लिए जो फंड मिलता था, वह बंद कर दिया गया है। जो निजी अस्पताल कोविड केयर सेंटर चलाएंगे, उन्हें शासन की गाइड लाइन का पालन करना होगा।

सरकारी स्तर पर नवीन कन्या छात्रावास में संचालित कोविड केयर सेंटर भी जल्द ही बंद किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक कोविड केयर सेंटर को लेकर हाल ही में भोपाल से आदेश जारी हुआ है। अब मरीजों को सीधे जिला स्तर पर भेजा जाएगा। आदेश में कहा कि जिला व तहसील दोनों स्थानों पर सेंटर संचालित करने पर खर्च अधिक होता है। महामारी नियंत्रक डॉ. गौरव बोरीवाल ने बताया कि कोविड केयर सेंटर बंद करने की गाइड लाइन आई है, जिस धीरे-धीरे अमल होगा।

नई दुनिया
2-1-2021

(21)

**पत्रिका**

# सेवानिवृत्ति के दिन ही मिलेंगे पेंशन सुविधा के लाभ

भोपाल @ पत्रिका. राज्य सरकार के अधिकारी-कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के दिन से ही पेंशन सुविधा के सभी लाभ मिलेंगे। संभागीय आयुक्तों और कलेक्टरों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

दरअसल, व्यवस्थागत त्रुटि के कारण आदेश का पालन नहीं हो पा रहा था। कभी कर्मचारियों का रिकार्ड अधूरा रहता है तो कभी विभाग में ही जानकारी का अभाव रहता है। ऐसे में सेवानिवृत्त के बाद कर्मचारी पेंशन के लिए परेशान रहते हैं। अब सरकार फुलप्रूफ व्यवस्था तैयार कर रही है, जिससे कर्मचारियों को खासकर पेंशन के लिए परेशान न होना पड़े।

पत्रिका
2-1-2021

## न्यू पेंशन स्कीम कर्मचारियों के लिए बन रही घाटे का सौदा

# रिटायरमेंट पर किसी की 700 तो किसी की 1100 रुपए बन रही पेंशन

भास्कर 2-1-2020

**यह अंतर है पुरानी और नई पेंशन में :** पुरानी पेंशन के पात्रताधारी कर्मचारियों को जिस माह वे रिटायर हो रहे हैं उस समय उनका जो मासिक वेतन है उसकी आधी राशि पेंशन के रूप में मिलेगी। यानी मूल वेतन 37873 रुपए है तो पेंशन बन रही है 19 हजार रुपए। इस पर महंगाई राहत अलग से यानी 20 हजार रुपए के करीब मिलते हैं।

भास्कर न्यूज़. भोपाल | न्यू पेंशन स्कीम (एनपीएस) कर्मचारियों को रिटायरमेंट पर घाटे का सौदा बन रही है। 23 साल की नौकरी के बाद सेवानिवृत्त होने पर हाथ आ रहे है खाली लिफाफे और कुछ के हाथों में महज 700 से 1100 रुपए की पेंशन। दरअसल, राज्य सरकार ने प्रदेश में 1 जनवरी 2005 के बाद सेवा में आए कर्मचारियों के लिए न्यू पेंशन स्कीम लागू की है। इसमें 10 फीसदी कर्मचारी के वेतन में से कटौती और 10 फीसदी हिस्सा सरकार मिला रही है। कुल मिलाकर रिटायरमेंट पर जो कुल जमा हो रहा है उसमें से 60 फीसदी नकद दे दिया जा रहा है और बाकी 40 फीसदी राशि पेंशन फंड के नाम पर जमा कर ली जा रही है, जिसके एवज में नाम मात्र की राशि पेंशन के रूप में दी जाती है।

केंद्र सरकार ने 1 जनवरी 2004 को जब न्यू पेंशन स्कीम शुरू की उसके प्रारूप में साफ था कि यह राज्यों के ऊपर निर्भर करेगा कि वे पुरानी पेंशन जारी रखना चाहते हैं या नई लागू करते हैं। मध्यप्रदेश सरकार ने 2005 में पुरानी पेंशन बंद कर दी। इसमें यह उल्लेखनीय है कि 1997 से 2004 के बीच सेवा में आए कर्मचारी पेंशन के पात्र हैं, पर उनकी भी पेंशन बंद कर दी गई है। मप्र पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन के महासचिव बाल गोविंद द्विवेदी का कहना है कि एनपीएस योजना में रिटायर हो रहे कर्मचारियों की पेंशन न ग्रेच्युटी खाली हाथ घर वापसी हो रही है।

दै. भास्कर
2-1-2021

(9)

# गंदगी व मलबा फैलाने वाले 26 लोगों पर जुर्माना

## सीसीटीवी से रखी जा रही है निगरानी

दबंग रिपोर्टर ■ रतलाम

2-1-2021

नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरो से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहां-वहां डालकर नगर को गंदा करते हैं, ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानों पर जाकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है।

नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे हैं, ऐसे व्यक्तियों पर लगाम लगाने के लिए नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सतत निगरानी रखी जा रही है।

इस हेतु पुलिस कन्ट्रोल रूम पर 3 पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार गंदगी व मलबा फैलाने पर होटल शिवजी स्टेशन रोड पर 1000, श्रीराम खण्डेलवाल, बालाजी रेस्टोरेंट, गुरूनानक किराना, बिसमिल्लाह होटल स्टेशन रोड, रिद्धि-सिद्धि रेस्टोरेंट 80 फीट रोड पर 500-500, नवीन, जय त्रिपाठी, महेश-मोहनलाल, भारत ऑटो मोबाइल, होटल शालिमार, यूसुफ बैग वाला स्टेशन रोड, मुकेश फ्रीगंज कलाली पर 250-250, ज्ञान सागर पुस्तक भण्डार, फिरोज खान, हेमन्त राज, दो बत्ती, गौरव, मुस्तफा भाई, मायाश्री रेस्टोरेंट पर 200-200, श्री राजस्थान भोजनालय पर 100 व राधेश्याम महू रोड बस स्टैण्ड पर 50 रुपए का जुर्माना किया गया।

दबंग दुनिया

2-1-2021

(13)

# जुगाड़ की क्रेन उठाएगी नो पार्किंग से वाहन

## निगम की कर्मशाला में पुराने वाहन पर चल रहा काम, देना पड़ रहा था किराया

2-1-2021

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर में नो पार्किंग में खड़े वाहनों को उठाकर ट्रैफिक थाने तक लाने के लिए अब नगर निगम खुद की क्रेन का उपयोग करेगा। खास बात यह है कि यह क्रेन निगम की कार्यशाला में पुराने वाहन पर जुगाड़ तकनीक से बनाई जा रही है। इससे निगम को क्रेन पर प्रतिमाह किराये के रुप में दी जाने वाली राशि की बचत होगी।

मालूम हो कि शहर में ट्रैफिक पुलिस व निगम का अमला क्रेन के जरिये सड़कों पर खड़े वाहनों को जब्त कर थाने लेकर आता है। इसमें क्रेन संचालन का खर्च नगर निगम को वहन करना पड़ता है। निगम ने 70 से 80 हजार रुपये प्रतिमाह में किराये पर क्रेन ली थी। खर्च अधिक होने पर अब निगम कार्यशाला में पुराने कंटेनर लिफ्ट करने वाले वाहन को क्रेन का स्वरूप दिया जा रहा है। शुक्रवार को निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने वाहन का निरीक्षण कर सुधार में लगने वाले संसाधनों की जानकारी ली। करीब एक लाख रुपये में क्रेन बनकर तैयार हो जाएगी। इसी तरह निगम में कबाड़ में पड़ी सामग्री से भी जनसुविधा में काम आने वाले नए उपकरण बनाए जाएंगे।



नगर निगम में पुराने कंटेनर लिफ्टर वाहन को क्रेन का रूप दिया जा रहा है। • नईदुनिया

नई दुनिया

2-1-2021

(17)

**त्रिवेणी तट** • कोरोना महामारी को देखते हुए सैनिटाइजर व मास्क की रहेगी व्यवस्था

# 67वें महारुद्र यज्ञ की तैयारियां पूरी, रंगाई-पुताई के साथ विद्युत सज्जा की


भास्कर संवाददाता | रतलाम

2-1-2021

त्रिवेणी तट पर 67वां महारुद्र यज्ञ 4 जनवरी से शुरू हो रहा है। इसको लेकर सारी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। यज्ञ शाला, आद्यगुरु शंकराचार्य प्रतिमा स्थल, ब्रह्मलीन संतश्री रामचंद्र डोंगरे जी महाराज स्थल सहित अन्य स्थलों पर रंगाई-पुताई हो चुकी है। विद्युत सज्जा का काम चल रहा है। यहां होने वाले 11 दिनी महारुद्र यज्ञ शासन द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार होगा।

67वां महारुद्र यज्ञ सोमवार से शुरू हो रहा है। रंगाई-पुताई के अलावा अन्य काम पूरे हो चुके हैं। 3 जनवरी सुबह 9 बजे बागड़ों का वास में श्री अगरजी मंदिर स्थित श्री चौमुखा महादेव का पूजन, अभिषेक व महाआरती होगी। 11.30 बजे त्रिवेणी तट पर दशविध शरीर शुद्धि हेमाद्रि कर्म होगा व 4 जनवरी की सुबह 10 बजे स्वामी कृष्णानंद जी महाराज के सान्निध्य व सांसद डामोर के मुख्य आतिथ्य में धर्मध्वजा रोहण व 10.31 बजे हवन कुंड में अग्नि प्रवेश के साथ महारुद्र यज्ञ का शुभारंभ होगा। यज्ञाचार्य पंडित दुर्गाशंकर ओझा व 21 भूदेवों के सान्निध्य में कौशल्या किशनलाल सोनी द्वारा यज्ञ में आहुतियां दी जाएंगी।

## अनुमति लेने के बाद ही तैयारियां शुरू की



आखिरी दौर की पुताई करता हुआ कर्मचारी।

समिति अध्यक्ष कन्हैयालाल मौर्य ने बताया कि त्रिवेणी तट पर पिछले 66 साल से महारुद्र यज्ञ हो रहा है। इसे खंडित नहीं किया जा सकता है। कोरोना महामारी को देखते हुए सबसे पहले प्रशासन से यज्ञ की अनुमति ली गई। यज्ञ शाला में भूदेवों, यजमान सहित 25 से कम ही लोग रहेंगे। सैनिटाइजर के अलावा मास्क भी उपलब्ध रहेगा। मास्क के साथ प्रवेश दिया जाएगा।

**निराश्रितों को करवाया जाएगा भोजन :** श्री बद्रीनारायण सेवा ट्रस्ट संस्थापक ब्रह्मलीन संतश्री रामचंद्र डोंगरे जी महाराज की प्रेरणा से निराश्रित भोजन करवाया जाएगा। ट्रस्ट अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र शर्मा ने बताया कि शासन की गाइडलाइन के अनुसार निराश्रितों को भोजन कराया जाएगा।

## ये होंगे कार्यक्रम

- 3 जनवरी सुबह 9 बजे बागड़ों का वास में श्री अगरजी मंदिर स्थित श्री चौमुखा महादेव का पूजन, अभिषेक व महाआरती।
- 3 जनवरी सुबह 11.30 बजे त्रिवेणीतट पर दशविध शरीर शुद्धि हेमाद्रि कर्म।
- 4 जनवरी सुबह 10 बजे संतों के सान्निध्य में धर्मध्वजा रोहण।
- 4 जनवरी सुबह 10.31 बजे 67वें महारुद्र यज्ञ का शुभारंभ।
- 12 जनवरी दोपहर 3 बजे महादेव की जलाधारी की रथयात्रा।
- 13 जनवरी दोपहर 2 बजे गंगाजल कलश यात्रा।
- 13 जनवरी को यजमान का नाम ड्रॉ द्वारा निर्धारित होगा।
- 14 जनवरी दोपहर 3 बजे यज्ञ की पूर्णाहुति व महाआरती होगी।

दै. भास्कर
2-1-2021


(8)

### गंदगी फैलाने वालों पर सीसीटीवी से रखी जा रही है निगरानी

# गंदगी व मलबा फैलाने पर 26 व्यक्तियों पर जुर्माना

इन्दौर समा. 2-1-2021

रतलाम। नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरो से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नही डालते हुए यहां-वहां डालकर नगर को गंदा करते है ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानों पर जाकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है।



नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे है ऐसे व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सत्त निगरानी रखी जा रही है इस हेतु पुलिस कन्ट्रोल रूम पर 3 पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार गंदगी व मलबा फैलाने पर होटल शिवजी स्टेशन रोड पर 1000, श्रीराम खण्डेलवाल, खण्डेलवाल नमकीन, बजरंग टी स्टॉल, उत्तम कुमार, गोवर्धन दास, बालाजी रेस्टॉरेंट, गुरुनानक किराना, बिसमिल्लाह होटल स्टेशन रोड, रिद्धी-सिद्धी रेस्टॉरेंट 80 फीट रोड पर 500-500, नवीन, जय त्रिपाठी, महेश-मोहनलाल, भारत ऑटो मोबाईल, होटल शालिमार, युसुफ बैग वाला स्टेशन रोड, मुकेश फीगंज कलाली पर 250-250, ज्ञान सागर पुस्तक भण्डार, फिरोज खान, हेमन्त राज, दो बत्ती, गौरव, मुस्तफा भाई, मायाश्री रेस्टॉरेंट पर 200-200, श्री राजस्थान भोजनालय पर 100 व राधेश्याम महू रोड बस स्टैण्ड पर 50 रूपये का जुर्माना किया गया।

जुर्माने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत झाड़े आदि के द्वारा की गई। गंदगी व मलबा फैलाने, अतिक्रमण करने पर संबधितों के विरूद्ध जुर्मांना किये जाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

4

इन्दौर समाचार

2-1-2021

(22)

# श्रमदान के बाद रांगोली और दीपदान के साथ दिया स्वच्छता का संदेश

इन्दौर समाचार 2-1-2021

**- स्वच्छता सर्वेक्षण-2021 के तहत सफाई मित्र समूह ने रांगोली के माध्यम से**
**- स्वच्छता का संदेश देकर शहर को नम्बर-1 बनाने का सकल्प दिलाया**

रतलाम। यू तो स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नगर निगम द्वारा किए जा रहे प्रयासों से नागरिक जागरुक हो रहे है, वही बच्चों में स्वच्छता को लेकर उत्साह अब देखते ही बनने लगा है। गुरुवार को कमजोर और मध्य वर्गीय तबके से जुड़े मोतीनगर इलाके में स्वच्छता का संदेश देने के लिए रांगोली निर्माण और दीपदान की तैयारियां की जा रही थी

उसी दौरान क्षेत्र के तमाम बच्चों और महिलाओं ने पहले अपने क्षेत्र में श्रमदान के माध्यम से सफाई की और उसके बाद रांगोली के निकट खड़े होकर शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के संकल्प लिया।

स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2021 के अंतर्गत निगमायुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा लगातार शहर के सभी क्षेत्रों को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान 2021 के तहत शहर में विशेष साफ-सफाई अभियान बड़े पैमाने पर चलाया जा रहा है। इसके साथ-साथ ही कचरा मुक्त स्थानों पर आकर्षक रांगोली और दीपदान के माध्यम से सफाई मित्र समूह के माध्यम से लोगों को जागरुक किया जा रहा है।

रतलाम शहर के सैकड़ों स्थानों पर खुले में कचरा डालने वालों को रोकने के लिए नगर निगम की ओर से अनोखा प्रयोग किया और सैकड़ों स्थान कचरा मुक्त हुए और इन पर रांगोली के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है। इसके साथ ही इन सार्वजनिक स्थानों, बागीचों, खेल मैदानों आदि स्थानों पर भी स्वच्छता का संदेश दिया जाकर स्वच्छता की दौड़ में रतलाम को नम्बर-1 बनाने का आव्हान लोगों से किया जा रहा है।

नगर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देश व स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने कूड़ा केवल डोर टू डोर कूड़ा ढोने वाले वाहनों में ही डाले। खुले में कचरा डालने वालों पर नगर निगम द्वारा जुर्माने की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ के निर्देशानुसार अब शहर के सार्वजनिक स्थलों पर लोगों से शहर को साफ और सुंदर बनाए रखने की अपील की जा रही है। इस दौरान गुरुवार को सफाई मित्र समूह की टीम ने आधा दर्जन स्थानों पर स्थित कचरा मुक्त स्थानों के साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर पर रांगोली बना कर इन क्षेत्रों के रहवासियों को स्वच्छता की शपथ दिला कर दीप दान किया गया है। इस दौरान कोविड-19 महामारी के बढ़ते प्रकोप के देखते हुए लोगों से आव्हान किया गया कि जब तक कोरोना का कारगर उपचार उपलब्ध नही हो पाता है, ऐसे में हमे मास्क का उपयोग, दो गज की दूरी और हाथों को सेनेटाईज कर अपने जीवन को बचाना चाहिए।

लाइट हॉउस प्रोजेक्ट के तहत आधुनिक तकनीक से बनेंगे एक हजार से अधिक आवास

# पीएम मोदी ने वीडियो कान्फ्रेसिंग से रखी आवास की आधारशिला

## मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी कार्यक्रम में हुए शामिल




**इंदौर ■ राज न्यूज नेटवर्क**

मध्यप्रदेश के इंदौर सहित छह राज्यों के छह स्थानों पर ग्लोबल हाउसिंग टैक्नोलॉजी चैलेंज, इंडिया (जीएचटीसी, इंडिया) के तहत हल्के मकान से जुड़ी परियोजनाओं (लाइट हाउस प्रोजेक्ट्स) की आधारशिला रखी गई।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अफोर्डेबल सस्टेनेबल हाउसिंग एक्सेलेरेटर्स. इंडिया (एएसएचए, इंडिया) के तहत विजेताओं की भी घोषणा की और प्रधानमंत्री आवास योजना, शहरी (पीएमएवाई.यू) मिशन के कार्यान्वयन में उत्कृष्टता के लिए वर्ष 2019 के लिये वार्षिक पुरस्कार भी दिये। मध्यप्रदेश को उल्लेखनीय कार्य के लिये दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने इंदौर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर वर्चुअल रूप से यह पुरस्कार प्राप्त किया। प्रदेश के लिये प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत शुक्रवार को नए वर्ष का पहला दिन एक जनवरी, 2021 उपलब्धि भरा रहा।

शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से इंदौर में 128 करोड़ रुपए लागत की लाइट हॉउस प्रोजेक्ट का शिलान्यास किया। इस अवसर पर इंदौर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह, पर्यटन मंत्री उषा ठाकुर, नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया, सांसद शंकर लालवानी, विधायक तुलसीराम सिलावट, आकाश विजयवर्गीय और महेन्द्र हार्डिया शामिल हुए।

कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से केन्द्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार हरदीप सिंह पुरी भी शामिल थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्यप्रदेश को उक्त पुरस्कार प्राप्त होने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि देश में आवासहिनों के लिये आवास निर्माण बनाने में नई तकनीकों का उपयोग शुरू किया गया है। इससे कम लागत और कम समय में गुणवत्तापूर्ण आवास निर्मित होंगे। नई तकनीकों के उपयोग के लिये विभिन्न नवाचार किये जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि लाइट हाउस प्रोजेक्ट भी इसी का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि आवास निर्माण के लिये नवोन्मेषी निर्माण के लिये 54 नवोन्मेषी आवास निर्माण प्रौद्योगिकी चिन्हित की गई है। उन्होंने कहा कि लाइट हाउस प्रोजेक्ट्स(एलएचपी) देश में पहली बार निर्माण क्षेत्र में इतने बड़े पैमाने पर उपयोग में लाए जाएंगे। यह वैकल्पिक वैश्विक प्रौद्योगिकी, सामग्रियों और प्रक्रियाओं का बेहतरीन प्रदर्शन करती है। इनका निर्माण जीएचटीसी-इंडिया के तहत किया जा रहा है, जो आवास निर्माण के क्षेत्र में नवीन तकनीकों को अपनाने के लिए एक समग्र परिवेश तैयार करने की परिकल्पना है। ये परियोजनाएं पारंपरिक तौर पर ईंट एवं कांक्रीट वाले निर्माण के मुकाबले कहीं अधिक तेजी से पूरी होंगी। इसके अलावा ये मकान उच्च गुणवत्ता के साथ किफायती और टिकाऊ भी होंगे।

2-1-2021

(7)



नियम तोड़ने वालों पर लगाम लगाने जुर्माने की कार्यवाही की

# गंदगी व मलबा फैलाने पर 26 लोगों पर जुर्माना

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क 2-1-2021

नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरो से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहां-वहां डालकर नगर को गंदा करते है ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानों पर 5 फकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है।

नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे है ऐसे व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सत्त निगरानी रखी जा रही है इस हेतु पुलिस कन्ट्रोल रूम पर 3 पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार गंदगी व मलबा फैलाने पर होटल शिवजी स्टेशन रोड पर 1000, श्रीराम खण्डेलवाल, खण्डेलवाल नमकीन, बजरंग टी स्टॉल, उत्तम कुमार, गोवर्धन दास, बालाजी रेस्टोरेंट, गुरुनानक किराना, बिसमिल्लाह होटल स्टेशन रोड, रिद्धी-सिद्धी रेस्टोरेंट 80 फीट रोड पर 500-500, नवीन, जय त्रिपाठी, महेश-मोहनलाल, भारत ऑटो मोबाईल, होटल शालिमार, युसुफ बैगवाला स्टेशन रोड, मुकेश फ्रीगंज कलाली पर 250-250, ज्ञान सागर पुस्तक भण्डार, फिरोज खान, हेमन्त राज, दो बत्ती, गौरव, मुस्तफा भाई, मायाश्री रेस्टोरेंट पर 200-200, श्री राजस्थान भोजनालय पर 100 व राधेश्याम महू रोड बस स्टैण्ड पर 50 रुपये का जुर्माना किया गया।

राज एक्सप्रेस
2-1-2021

वर्कशॉप भी पहुंचे आयुक्त

# सुविधायुक्त जलकर काउंटर शुरू

रतलाम. शहर के जलकर के करदाताओं को अब कर जमा करने के दौरान नए भवन में कर जमा करवाना होगा। नए भवन की शुरुआत शुक्रवार को कर दी गई। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने रिनोवेटेड जलकर काउंटर भवन का निरीक्षण कर वहां सभी सुविधाएँ पूर्ण पाये जाने पर नये साल शुक्रवार को काउन्टर शुरू करने के निर्देश संबंधित को दिये।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने सुबह रिनोवेटेड जलकर काउन्टर का निरीक्षण निगम अधिकारियों के साथ कर वहां पर कर्मचारियों के बैठने हेतु फर्नीचर व्यवस्था सहित अन्य सभी व्यवस्थाएँ पूर्ण पाये जाने पर काउन्टर प्रारंभ करने के निर्देश दिये साथ ही फायर ब्रिगेड में संचालित अस्थाई काउन्टर बंद करने के निर्देश दिये। संपत्तिकर काउन्टर भवन स्थल का निरीक्षण कर पुराने ले आउट के स्थान पर बड़ी साईज के संशोधित ले आउट का अवलोकन कर कार्य तेजी व गुणवत्ता पूर्वक किये जाने के निर्देश संबंधित ठेकेदार को दिये। आयुक्त ने वर्कशॉप का निरीक्षण कर निगम के वाहनों की मरम्मत का कार्य तेजी से करने के निर्देश दिये उन्होंने कहा कि निगम के सभी वाहन चालू स्थिति में रहे इसका ध्यान रखा जाए।

पत्रिका
2-1-2021

## रिनोवेटेड जलकर काउंटर शुरू

आयुक्त ने रिनोवेटेड जलकर काउंटर का निरीक्षण निगम अधिकारियों के साथ कर वहां कर्मचारियों के बैठने के लिए फर्नीचर व्यवस्था सहित अन्य सभी व्यवस्था पूर्ण पाए जाने पर काउंटर प्रारंभ करने के निर्देश दिए। फायर ब्रिगेड में संचालित अस्थायी काउंटर अब बंद कर दिया जाएगा। आयुक्त ने पास में ही संपत्तिकर काउंटर भवन बनाए जाने के लिए स्थल का निरीक्षण कर पुराने ले आउट के स्थान पर बड़ी साईज के संशोधित ले आउट का अवलोकन कर काम तेजी से करने के निर्देश संबंधित ठेकेदार को दिए। इस दौरान कार्यपालन यंत्री जीके जायसवाल, उपयंत्री बीएल चौधरी, विकास मरकाम, मनीष तिवारी, सिद्धार्थ सोनी, अनिता ठाकुर आदि उपस्थित थे।

नई दुनिया
2-1-2021


(3)

# स्वच्छता अभियान में कल शहर की पहली परीक्षा लेगा दल

पत्रिका
**सोशल वैल्यू**

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com 2-1-2021

**रतलाम.** स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 के अंतर्गत रविवार का दिन शहर के लिए बेहद खास है। इस दिन स्वच्छता अभियान के अंतर्गत भोपाल से गीलें व सूखा कचरा में भेद हैं या नहीं इसको देखने दल आएगा। इसके अलावा सुबह 7.30 बजे से 8.30 बजे तक आयुक्त सोमनाथ झारिया से फोन पर स्वच्छता अभियान के बारे में किए गए कार्यो की जानकारी लेंगे। शुक्रवार को आयुक्त ने सुबह से दोपहर तक स्वच्छता की सच्चाई की जांच की व आमजन को गिला व सूखे कचरे में अंतर बताया।




असल मे शहर में 65 से अधिक कचरा वाहन से प्रतिदिन सूखे व गीले कचरे का अलग-अलग एकत्रिकरण हो रहा है। इसके लिए शहर के 49 वार्डो में कचरा वाहन जाकर प्रतिदिन सुबह 7 बजे से 10 बजे तक गलियों से लेकर प्रमुख मार्ग में जा रहे है व कचरा ले रहे हैं। गीले व सूखे कचरे को डालने के लिए अलग - अलग स्थान बनाए हुए है। अब भी सूखा व गीले कचरे में भेद करने में बड़ा अंतर शहरवासी नहीं कर पा रहे हैं। इसके लिए ही विभिन्न मोहल्लों में जाकर दल आमजन को इसके बारे में बता रहा है।

## तीन तारीख को ये करेगा दल

- कचरे का चार भाग में पृथक्कीकरण हो रहा या नहीं यह जांच।
- गीले कचरे व सूखे कचरे में भेद हो रहा या नहीं यह जांच।
- सूखे कचरे का निष्पादन व कचरा एकत्रिकरण केंद्र का निरीक्षण।
- शहर के चार आवासीय क्षेत्र का निरीक्षण।
- कचरा एकत्रिकरण व निस्तारण केंद्र का निरीक्षण।

शहर को स्वच्छता के मामले में नंबर एक पर लाने के लिए सभी से सहयोग मांगा है। प्रत्येक व्यक्ति के अंदर हमारा शहर की भावना जागृत करने का प्रयास कर रहे है। - **सोमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम रतलाम

पत्रिका
2-1-2021